कोटद्वार, सोमवार
18 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 313 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## छात्रवृत्ति घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, रुड़की के संस्थान की करोड़ों की संपत्ति अटैच




देहरादून।छात्रवृत्ति घोटाले से संबंधित रुड़की की वर्द्धमान एजुकेशनल सोसायटी की ईडी ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अटैच की है। यह सोसायटी रुड़की में दो तकनीकी संस्थानों का संचालन करती है।

आरोप है कि इन शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति (एससी–एसटी) के छात्रों का फर्जी तरीके से दाखिला दिखाकर करोड़ों की छात्रवृत्ति हड़पी गई। इससे सोसायटी ने कई तरह की चल अचल संपत्तियों को अर्जित किया। इस मामले में ईडी पहले भी कई शिक्षण संस्थानों की संपत्तियों को अटैच कर चुकी है।

गौरतलब है कि इस घोटाले में पुलिस जांच के बाद ईडी ने भी धन शोधन अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई शुरू की थी। ईडी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के तमाम शिक्षण संस्थानों को नोटिस भेजकर पूछताछ की थी। अब इस मामले में जांच के दौरान ईडी ने रुड़की के वर्द्धमान एजुकेशनल सोसायटी की अचल संपत्ति को अटैच किया है।

इस संपत्ति की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह सोसायटी रुड़की में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और आईएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नाम से शिक्षण संस्थान संचालित करती है।

ईडी से मिली जानकारी के अनुसार इन शिक्षण संस्थानों ने एससी–एसटी वर्ग के छात्रों का फर्जी तरीके से दाखिला दर्शाया। इसके बाद ट्यूशन फीस और तमाम शुल्क के नाम पर समाज कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति हासिल कर ली। इसमें से कुछ धन से संपत्तियों की खरीद हुई। जबकि, कुछ धन का प्रयोग चेयरमैन आदि अधिकारियों ने किया। बता दें कि ईडी अब तक चार शिक्षण संस्थानों की करोड़ों रुपये की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। बताया जा रहा है कि अब भी ईडी के राडार पर 50 से ज्यादा शिक्षण संस्थान हैं।

**दर्ज हुए थे 100 से अधिक मुकदमे**

बता दें कि वर्ष 2017 में छात्रवृत्ति घोटाला सामने आया था। सैकड़ों करोड़ रुपये से अधिक के इस घोटाले में वर्ष 2019 में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने हरिद्वार और देहरादून में कई शिक्षण संस्थानों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ 100 से अधिक मुकदमे दर्ज किए। इन भी मुकदमो में पुलिस की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। ज्यादातर मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल कर दी है।

### भारत की मदद पर बुल्गारिया ने कहा शुक्रिया तो जयशंकर ने अलग अंदाज में दिया जवाब

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना सिर्फ भारतीयों के लिए ही फरिश्ता बनकर उन्हें कहीं से भी बचाने का काम नहीं करते बल्कि उनकी नजरों में जिसे भी मदद की जरूरत हो भारतीय नौसेना वहां मौजूद होती है। कुछ ऐसा ही नजारा पिछले कई महीनों से देखने को मिल रहा है। जहां अरब सागर में कई समुद्री लुटेरों से लोगों को भारतीय नौसेना ने बचाया है। पिछले शनिवार भी एक बार अरब सागर में डाकुओं ने एक बार फिर आतंक मचाया तो भारतीय नौसेना लोगों के लिए दूत बनकर पहुंची। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना का शौर्य एक बार फिर दिखा। भारतीय तट से लगभग 2,600 किमी दूर करीब 40 घंटे तक चलाए गए आपरेशन के दौरान उसने न केवल पूर्व माल्टीज ध्वज वाले अपहृत व्यापारिक जहाज एमवी रुएन के चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया बल्कि 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को भी पकड़ लिया। इस ऑपरेशन में बचाए गए 17 सदस्यों में से कुछ बुल्गारिया के भी लोग थे जिसको भारत ने बचाया।

## बदरीनाथ विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी व टिहरी के पूर्व विधायक धन सिंह भाजपा में शामिल



देहरादून। उत्तराखंड में नेताओं का कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का दौर लगातार जारी है। रविवार को कांग्रेस को दो बड़े झटके लगे। बदरीनाथ विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी व टिहरी के पूर्व विधायक धन सिंह नेगी ने कांग्रेस छोड़ दी है। बदरीनाथ क्षेत्र से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने दिल्ली में भाजपा ज्वाइन कर ली है। सीएम पुष्कर सिंह धामी, मंत्री पीयूष गोयल, पौड़ी सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी और उत्तराखंड भाजपा प्रभारी दुष्यंत गौतम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।विधायक राजेंद्र भंडारी का विधायकी से भी इस्तीफा देने की सूचना है। दल–बदल कानून को देखते हुए कांग्रेस से इस्तीफा देने से पूर्व भंडारी का विधायक पद से इस्तीफा देने की सूचना है।शुक्रवार को ही गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण और पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वहीं, शनिवार को कांग्रेस कांगेस नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। पौड़ी से कांग्रेस के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केसर सिंह नेगी ने भी पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से कांग्रेस में हड़कंप है।

## चीन ने फिर अलापा पुराना राग, अरुणाचल प्रदेश को बताया अपना



बीजिंग। पीएम मोदी के अरुणाचल दौरे के कुछ दिन पर चीन ने एक बार फिर पुराना राग अलापा है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश को तिब्बत का एक हिस्सा बताया। चीन ने कहा कि वह क्षेत्र पूरी तरह से चीन का क्षेत्र है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे के कुछ दिनों बाद चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपनी ड्रैगन चाल चली है। चीन की सेना ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोका है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है।

**चीन ने अरुणाचल पर ठोका अपना दावा**

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीन द्वारा दिया गया नाम) चीन के क्षेत्र का एक हिस्सा है और बीजिंग अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता।

**चीन ने फिर अलापा पुराना राग**

चीन के रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर शुक्रवार को पोस्ट की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक, झांग ने अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत द्वारा अपनी सैन्य तैयारी बढ़ाने के जवाब में यह टिप्पणी की। गौरतलब है कि चीन, जो अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है, अपने दावों को उजागर करने के लिए नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। चीन ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

गौरतलब है कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को बार–बार खारिज किया है। चीन को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने कहा कि मनगढ़ंत नाम देने से हर कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है । बता दें नौ मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया, जो रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है।

### प्रदेश में सकुशल मतदान संपन्न कराने को लेकर जारी किए विस्तृत दिशा निर्देश

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने रविवार को सचिवालय में सभी जनपदों के ज़िलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने सभी जनपदों में सकुशल मतदान संपन्न कराने को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में मतदान प्रथम चरण में होना है इस लिहाज से बूथ लेवल तक स्वीप गतिविधियों सहित जागरूकता कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर चलाया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश के ऐसे जनपद जो अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे हैं, उनके चेकपोस्ट पर और भी प्रभावी तरीक़े से निगरानी बढ़ाई जाए। सीईओ ने निर्देश दिए कि इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (एरटर) में सभी एजेंसियां सीज़र रिपोर्ट, इनरसेप्ट रिपोर्ट को ज़म्मिेदारी से भरे ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश ना रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में स्टैटिक सर्विलांस टीमें विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन पर त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में स्टेट नोडल ऑफिसर ( एक्सपेंडिचर एवं मॉनिटरिंग) श्री मनमोहन मैनाली ने जानकारी दी कि प्रदेश में 1 मार्च से 16 मार्च तक 7 करोड़ रुपए से अधिक नकद धनराशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ को सीज किया गया है, जिसमें सबसे अधिक मात्रा मादक पदार्थ की है।

## चुनाव के एलान के बाद आंध्र में गरजे पीएम मोदी, बोले– तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े निर्णय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी।' उन्होंने कहा कि 'आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाया जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है 'गठबंधन के लोगों को इस्तेमाल करो और फेंक दो।' उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ने भले ही आईएनडीआई गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है 'अबकी बार 400 पार'। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है।

पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी है।

इससे पहले जन सेना पार्टी की अध्यक्ष पवन कल्याण ने दावा किया कि '2024 में भी एनडीए सरकार बनाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को शराब और नशे का गढ़ बना दिया है।

आंध्र प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए यह पहली संयुक्त रैली है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे।

### एक नजर

### देवप्रयाग में युवक ने लगाई गंगा में छलांग

नई टिहरी। देवप्रयाग में रामकुंड पुल से अज्ञात युवक के गंगा में छलांग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची बाह बाजार पुलिस, एसडीआरएफ टीम ने युवक की तलाश शुरू कर दी। एसआई अमित कुमार ने बताया कि बीते शनिवार दोपहर को 112 नम्बर पर थाना बाह बाजार में एक व्यक्ति ने रामकुंड पुल से किसी युवक के गंगा में छलांग लगाए जाने की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। वहीं श्रीनगर से एसडीआरएफ की टीम भी बुला ली गई। बीती शनिवार शाम तक गंगा में चले संयुक्त अभियान में युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। रविवार सुबह फिर से युवक की तलाश में अभियान शुरू किया गया। जिसमें आपदा राहत दल के एचसी धनवीर सिंह, एचसी विक्रम भी शामिल हुए। एसआई अमित कुमार अनुसार थाने में अभी तक किसी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने अपने स्तर से भी युवक के सम्बंध में जानकारी ली जा रही है।

### दस हजार का ईनामी, मेरठ से फरार दून में धरा गया

देहरादून। एक साल से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखंड और मेरठ पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था और करीब एक साल तक पुलिस को चकमा देता रहा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद के दौराला थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र से विगत एक वर्ष से फरार 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी निखिल कुमार के बारे में सूचना उत्तराखंड एसटीएफ से साझा की तो एसटीएफ की एक टीम देहरादून में फरार अपराधी के छिपे होने के संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही थी।

## चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में मतगणना की तारीख बदली




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग ने एक विज्ञप्ति में आज यहां कहा कि उसे इन दोनों रज्यों में चुनाव वहां वर्तमान विधानसभाओं की समाप्ति तिथि से पहले कराना है। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है।इसे देखते हुए आयोग ने इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन राज्यों में दो जून तक चुनाव प्रक्रिया संपन्न करा दी जाएगी। इन विधानसभाओं के चुनाव के लिए शनिवार को घोषित अन्य कार्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए घोषित कार्यक्रमों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अरुणाचल प्रदेश में सभी 60 विधानसभा सीटों का चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। इसके लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी।

नामांकन पत्र दाखिल 27 मार्च तक किए जा सकेंगे और उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापस लेने की तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है।

मतगणना दो जून को होगी तथा चुनाव प्रक्रिया छह जून को पूर्ण कर ली जाएगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव आम चुनाव के पहले चरण के साथ 19 अप्रैल को कराया जाएगा।

राज्य की 32 सीटों वाली विधानसभा के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच की 28 मार्च और वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है। मतगणना दो जून को होगी।

### भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत ने मां पूजन से शुरु की चुनाव प्रचार की तैयारी

हरिद्वार। हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार को हरकी पैड़ी पर पूजा अर्चना का मां गंगा का आशीर्वाद लिया।

इसके बाद श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल कनखल के अध्यक्ष निर्मल पीठाधीश्वर श्रीमहंत ज्ञान देव सिंह, कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री से आशीर्वाद लिया। निर्मल पीठाधीश्वर ने त्रिवेंद्र सिंह रावत का तिलक, माल्यार्पण किया।

महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश, महंत निर्भय सिंह, महंत वीर सिंह, महंत जसकरण सिंह, महंत मलकीत सिंह आदि संत मौजूद रहे। इस दौरान नगर विधायक मदन कौशिक, जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, विकास तिवारी आदि मौजूद रहे।

## हिंसा के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

### गुजरात विश्वविद्यालय की घटना पर विदेश मंत्रालय ने कही ये बात



**नई दिल्ली , एजेंसी।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को कहा कि गुजरात सरकार अहमदाबाद के एक विश्वविद्यालय में हिंसा के अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। हिंसा में दो विदेशी छात्र घायल हो गए थे। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि हिंसा में घायल दो विदेशी छात्रों में से एक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने कहा, अहमदाबाद के गुजरात विश्वविद्यालय में कल हिंसा की एक घटना हुई। राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। जायसवाल ने कहा, झड़प में दो विदेशी छात्र घायल हो गए। उनमें से एक को चिकित्सा के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक के मुताबिक, घटना की रात तब हुई, जब गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास परिसर में 20 से 25 लोग घुस आए और विदेशी छात्रों के वहां पर नमाज अदा करने पर आपत्ति जताने लगे। उन्होंने उनसे मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई। जिसके बाद उन पर हमला और पथराव किया गया। पुलिस ने बताया कि श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मलिक ने कहा, 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की जांच के लिए नौ टीमों का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीका के देशों सहित करीब 300 विदेशी छात्र हैं। अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के ए–ब्लॉक छात्रावास में करीब 75 विदेशी छात्र रहते हैं, जहां यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और मामले की निगरानी संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) करेंगे। उन्होंने हा कि मामले की जांच के लिए अपराध शाखा से चार और स्थानीय पुलिस की नौ टीमों का गठन किया गया है।

गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने कहा कि बीती रात ए–ब्लॉक छात्रावास के परिस के भीतर दो समूहों के बीच झड़प हुई। मामला बढ़ गया और कुछ विदेशी छात्र घायल हुए हैं।

## विपक्षी गठबंधन की सरकार बनते ही आजाद होगा चुनाव आयोग, बंद होगी ईवीएम: फारूक अब्दुल्ला

मुंबई, एजेंसी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और विपक्षी गठबंध के अन्य नेताओं ने शिवाजी पार्क में रैली से पहले बालासाहेब ठाकरे को पुष्पांजलि अर्पित की।

न्याय यात्रा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा, पहली भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से शुरू हुई और कश्मीर में समाप्त हुई। कश्मीर में बर्फबारी हो रही थी। कई सदस्यों ने जीवन में कभी बर्फ नहीं देखी थी। यह हमारा भारत है। आपको अपने मतों की रक्षा करनी है क्योंकि मशीन (ईवीएम) एक चोर है। जब आप अपना वोट डालें तो कागज की जांच करें और अपना वोट सत्यापित करें। जब विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी तो यह मशीन हट जाएगी। दूसरा चुनाव आयोग स्वतंत्र हो जाएगा। विपक्षी गठबंधन की महारैली से पहले मुंबई के शिवाजी पार्क में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं के पोस्टर लगाए गए। वहीं, लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, इन चुनावों में लोग महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बॉन्ड का इस्तेमाल करके पूंजीपतियों को संस्थागत करने जैसे मुद्दों पर फोकस करेंगे। मुझे उम्मीद है कि लोग इन मुद्दों पर विचार करते हुए फैसला लेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा,




आज मुंबई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन हो रहा है। किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, युवाओं को न्याय दिलाने के लिए यह शुरुआत है। हमें भरोसा है कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया पूर्व बहुमत हासिल करेगा और देश और राज्यों में अपनी सरकार बनाएगा।

बीएमसी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लिए मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए लगाए गए बैनरों को हटा दिया। वीडियो कुर्ला (डब्ल्यू) एलबीएस रोड मुंबई का है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि राहुल गांधी ने पहले उत्तर से दक्षिण की यात्रा की और बर्फबारी के दौरान कश्मीर पहुंचे। अब, वह पूर्व से शुरू होने के बाद पश्चिम पहुंच रहे हैं। वह देश को एकजुट करने और भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र और परंपरा को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दूल्हे की जगह भाई से करा दी बहन की शादी

महाराजगंज। बीडीओ अमित मिश्रा ने बताया कि वर–बधू दोनों पक्ष का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। लेकिन कजरी गांव का मामला सामने आते ही लाभार्थियों से सामग्री वापस कराते हुए नोटिस जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सामाजिक मान्यताओं को तार तार करने का मामला प्रकाश में आया है। मंडप में दूल्हा नहीं पहुंचने के बाद जिम्मेदारों ने भाई को ही बैठा कर विवाह कार्यक्रम संपन्न करा दिया। यह मामला यूपी के महराजगंज स्थित लक्ष्मीपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत कजरी का है। मामले की जानकारी होते ही खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने आनन फानन में लाभार्थी को नोटिस जारी कर योजना में मिले सामग्रियों को वापस करा दिया है। प्रकरण के बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम पांच मार्च 2024 को लक्ष्मीपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित किया गया था। इसमें सबसे हैरान करने वाली खबर यह है कि ग्राम पंचायत कजरी से मिली है। सभी तैयारियों के साथ वर–बधू पक्ष के लोग ब्लॉक परिसर में पहुंचे। वर भी आया था, लेकिन रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद किन्ही कारणों से ब्लॉक परिसर से चला गया। चयनित दूल्हा मंडप में बैठने से इनकार कर दिया था। उसका कहना था कि उसे मंडप में बैठने लज्जा आ रही है।



## संपादकीय

# विशाल लोकतंत्र का चुनाव पर्व

देश में लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित कर दी गई हैऔर इसी के पूरे देश में आचार संहिता भी लागू हो गई है। चुनाव का महापर्व अब शुरू होगा जिसे लेकर राजनीतिक दलों प्रचार प्रसार का खाका बनाना शुरू कर दिया है। आचार संहिता लागू होनेके साथ ही कुछ प्रतिबंध भी लागू हो जाते हैं लेकिन इन प्रतिबंधों पर अमल करने में ही प्रशासन के पसीने छूट जाते हैं। आचार संहिता में कुछ खास बिंदु शामिल रहते हैं जिम किसी भी सार्वजनिक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगें, लिखित अनुमति के बिना किसी प्रकार की कोई बैठक–जुलूस नहीं निकालने, किसी व्यक्ति वर्ग अथवा समुदाय को लेकर कोई भड़काऊवक्तव्य नहीं दे सकेंगे, ना ही किसी प्रकार के इशारे ना करने, प्रचार के लिए अनुमति लेने, अफवाहें ना फैलाने जैसी कुछ मुख्य बातेंशामिल की जाती हैं। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशन के बावजूद भी अक्सर चुनावी पार्टियां धन बल के आधार पर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास भी करती है। विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा एक दूसरे की शिकायतकी जाती है लेकिन जब दोनों तरफ से एक हीप्रकार की गतिविधियां संचालित होती है तो आदर्श आचारसंहिता की धज्जियां भी उड़ती नजर आती है। इस बार 97 करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव के महापर्व में अपना योगदान देंगे और एक नई सरकार को बनाने के लिए अपना फैसला सुनाएंगे। सरकारी मशीनरी से लेकर राजनीतिक दलों एवं मतदाताओं का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह मतदान की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं आदर्श आचारसंहिता का पालन करें। प्रशासन को भी निष्पक्षहोकर मतदान को संपन्न करना चाहिए और यदि कोई भी ऐसा व्यक्ति या दल जो मतदान को प्रभावित करने की कोशिश करें उसके खिलाफ तत्काल सत्य से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया किसी भी देश के मजबूत लोकतंत्र का आधार स्तंभ होती है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होनेके नाते पूरी दुनिया की निगाह हिंदुस्तान में होने वाले लोकसभा चुनावों पर है।

# भाजपा के सहयोगियों की चिंता

भारतीय जनता पार्टी ने सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है। वह जिस तरह से एक एक सीट के लिए मोलभाव कर रही है और सभी छोटी पार्टियों को कम सीटों पर समझौता करने के लिए मजबूर कर रही है उससे सहयोगी परेशान हुए हैं। पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें दीं और साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व निषाद पार्टी को एक एक सीट देने का फैसला किया तो अब महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि भाजपा वहां अजित पवार की असली एनसीपी को सिर्फ चार से पांच सीट देने वाली है।

**पहले एनसीपी का दावा 12 सीटों का था। बाद में कहा गया कि आठ सीटें मिलेंगी। फिर जब अमित शाह सीटों के बंटवारे पर बात करने महाराष्ट्र पहुंचे तो कहा गया कि अजित पवार को छह सीटें मिल सकती हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चार सीटें देने की बात हो रही है। इसी तरह असली शिव सेना यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को आठ से 10 सीट देने की बात हो रही है। सोचें, शिंदे गुट के पास 13 लोकसभा सांसद हैं। लेकिन भाजपा उनको आठ से 10 सीट का प्रस्ताव दे रही है। खुद भाजपा 32 से 34 सीट लडऩा चाहती है। उसका प्रस्ताव है कि शिंदे गुट के कुछ सांसदों को वह अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि बिहार में भी भाजपा की छोटी सहयोगी पार्टियां बिलबिला रही हैं क्योंकि किसी को भी एक से ज्यादा सीट नहीं मिलती दिख रही है।**



पहले एनसीपी का दावा 12 सीटों का था। बाद में कहा गया कि आठ सीटें मिलेंगी। फिर जब अमित शाह सीटों के बंटवारे पर बात करने महाराष्ट्र पहुंचे तो कहा गया कि अजित पवार को छह सीटें मिल सकती हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चार सीटें देने की बात हो रही है।

इसी तरह असली शिव सेना यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को आठ से 10 सीट देने की बात हो रही है। सोचें, शिंदे गुट के पास 13 लोकसभा सांसद हैं। लेकिन भाजपा उनको आठ से 10 सीट का प्रस्ताव दे रही है। खुद भाजपा 32 से 34 सीट लडऩा चाहती है। उसका प्रस्ताव है कि शिंदे गुट के कुछ सांसदों को वह अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि बिहार में भी भाजपा की छोटी सहयोगी पार्टियां बिलबिला रही हैं क्योंकि किसी को भी एक से ज्यादा सीट नहीं मिलती दिख रही है।नीतीश कुमार 15 से 16 सीट पर वीटो करके विदेश चले गए। इसका नतीजा है कि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा दोनों को एक एक सीट का प्रस्ताव मिल रहा है और एनडीए का दरवाजा खटखटा रहे मुकेश सहनी को भी एक सीट से ज्यादा देने की संभावना नहीं दिख रही है। लोक जनशक्ति पार्टी को पिछली बार छह सीटें मिली थीं लेकिन इस बार उसे दोनों खेमों को मिला कर पांच सीट दिए जाने पर बातचीत हो रही है।सो, हर जगह भाजपा की सहयोगी पार्टियों को समझौता करना होगा। लोकसभा सीट के बदले भाजपा उनको राज्यों में कोई पद दे सकती है। विधानसभा की ज्यादा सीट दे सकती है या जहां विधान परिषद है वहां सीट दे सकती है लेकिन लोकसभा सीट पर गुंजाइश कम है।

# सवालों के घेरे में




भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ–साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।

उसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे–इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है।

मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है।

इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन–देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक–साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए। वरना, इस योजना से संबंधित संदेह और गहराएंगे। दरअसल, स्टेट बैंक ने यह याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ–साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

# भरोसे का नया संकट

अपेक्षित है कि चयन से संबंधित पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ठोस रूप में मौजूद हो। उम्मीदवारों के करियर के बारे में पूरी सूचना चयन सदस्यों के पास मौजूद नहीं रहेगी, तो वे किस आधार पर उनके बारे में अपनी राय बनाएंगे? जब नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संबंधित समिति की बैठक होने जा रही है, समिति के एक सदस्य का उम्मीदवारों से संबंधित विवरण मांगना इस प्रक्रिया से जुड़ी कई समस्याओं की तरफ ध्यान खींचता है। खास ध्यान समिति के सदस्य अधीर रंजन चौधरी के इस सुझाव ने खींचा है कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए वही प्रक्रिया अपनाई जाए, जो मुख्य एवं अन्य सूचना आयुक्तों तथा मुख्य एवं अन्य सतर्कता आयुक्तों की नियुक्ति के लिए अपनाई जाती है। इसका अर्थ यह हुआ कि चौधरी के पत्र लिखने तक निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया को ही ठोस रूप नहीं दिया गया था।

चौधरी लोकसभा में सबसे बड़े दल– कांग्रेस का नेता होने के नाते नियुक्ति समिति में शामिल हैं। समिति के दो अन्य सदस्य प्रधानमंत्री और उनकी तरफ से नियुक्त एक केंद्रीय मंत्री हैं। इस तरह समिति में सत्ता पक्ष का बहुमत है और वह अपनी पसंद के व्यक्तियों की निर्वाचन आयोग में नियुक्ति करवाने में सक्षम है। इसके बावजूद यह अपेक्षित है कि चयन से संबंधित पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ठोस रूप में मौजूद हो। उम्मीदवारों के करियर के बारे में पूरी सूचना सभी सदस्यों के पास मौजूद नहीं रहेगी, तो वे किस आधार पर उनके बारे में अपनी राय बनाएंगे? क्या यह चयन प्रक्रिया के प्रति सरकार की लापरवाही को जाहिर नहीं करता कि चयन समिति के एक सदस्य को उम्मीदवारों का जीवन–परिचय मांगना पड़ा है? सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद संसदीय प्रस्ताव के जरिए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को बदल कर सरकार पहले ही इस बारे में काफी संदेह पैदा कर चुकी है। अब जो प्रक्रिया उसने स्थापित की है, उसको लेकर भी अगर वह अंगभीरता दिखाती है, तो निर्वाचन आयोग की साख के लिए यह अच्छी बात नहीं होगी। आयोग की साख पर पहले ही कई हलकों से गंभीर प्रश्न उठते रहे हैं। आम चुनाव से ठीक पहले एक आयुक्त के इस्तीफे को लेकर अभी भी रहस्य बना हुआ है। इस बीच अधीर रंजन चौधरी ने विधायी कार्य विभाग के सचिव को पत्र लिख कर जो मांग रखी है, उससे भरोसे का नया संकट पैदा हो गया है।

## आत्म निर्भरता के बावजूद!

हाल के दशकों में रक्षा उत्पादन क्षेत्र के निजीकरण का खूब प्रचार हुआ है। अनेक बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में कदम रखा है। मगर हकीकत यह है कि हथियारों के मामले में विदेशी कंपनियों पर भारत की निर्भरता बनी हुई है।

भारत में जारी जोरदार चर्चा एक यह है कि भारत ना सिर्फ हथियारों के मामले में आत्म–निर्भरता की दिशा में बढ़ा है, बल्कि अब वह महत्त्वपूर्ण अस्त्रों का निर्यात भी कर रहा है। अक्सर सरकार की तरफ से ऐसे आंकड़े जारी किए जाते हैं, जिनको लेकर भारत से हथियारों से बढ़ते निर्यात के बारे में मोटी सुर्खियां बनती हैं। तो यह सवाल अहम हो जाता है कि 2019 से 2013 के दौरान उसके पहले की पांच साल की अवधि (2014–18) की तुलना में हथियारों के भारत के अपने आयात में 4.7 फीसदी इजाफा कैसे हो गया? स्वीडन की संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने इस बार की अपनी रिपोर्ट में हथियारों के कारोबार के पांच साल के ट्रेंड पर रोशनी डाली है। इससे सामने आया है कि 2019–23 की अवधि में भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बना रहा। गौरतलब है कि पिछले एक फरवरी को 2024–25 के लिए पेश भारत के अंतरिम बजट में रक्षा मंत्रालय को 6.2 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। इसमें पूंजीगत निवेश– यानी नई खरीदारियों के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 5.78 प्रतिशत ज्यादा है। वैसे अगर मुद्रास्फीति को ध्यान में रखें, तो ये बढ़ोतरी मामूली ही मालूम पड़ेगी। अब प्रश्न है कि क्या देश में ऐसी रक्षा कंपनियां हैं, जो भारतीय सेना की जरूरतों के लायक हथियार, युद्ध उपकरण और गोला–बारूद की बिक्री कर पाएं? हाल के दशकों में रक्षा उत्पादन क्षेत्र के निजीकरण का खूब प्रचार हुआ है।अनेक बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में कदम रखा है। मगर हकीकत यह है कि हथियारों के मामले में विदेशी कंपनियों पर भारत की निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में अधिक–से–अधिक यही कहा जा सकता है कि रक्षा उत्पादन के मामले में भारतीय रक्षा उद्योग को अभी लंबा सफर तय करना होगा। फिलहाल इस बारे में एक दो टूक आकलन की जरूरत है। आत्म–निर्भरता अच्छी नीति है।

# विष्णु सरकार के फैसलों से किसानों के खिले चेहरे

**नसीम अहमद खान**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र तीन माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। उनके चेहरे खिल गए हैं और मन में एक नई उम्मीद जागी है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान होने से किसान खुश हैं।किसानों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और बकाया बोनस को लेकर विष्णु देव सरकार इतनी तेजी से फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी से छत्तीसगढ़ सरकार ने अमल में लाया है, यह स्वागत योग्य है।छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में किया गया है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 24.72 लाख किसानों को धान के मूल्य के अंतर की राशि 13320 करोड़ रूपए का भुगतान का प्रदेशव्यापी शुभारंभ भी हो चुका है।भारत कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह राज्य धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते है कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से उंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती–किसानी करनी पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे–धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया। किसानों को बिना ब्याज के खेती–किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की रमन सरकार के दौर में शुरू हुआ था। आज भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन मिल रहा है।

# क्रूका धमाकेदार गाना घाघरा हुआ रिलीज, करीना–तब्बू–कृति ने डांस मूव्स से मचाया तहलका



बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म क्रू में करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू को एक साथ पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों बेहद एक्साइटेड हैं. वहीं फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का नया गाना घाघरा रिलीज कर दिया है.इस धमाकेदार गाने में तीनों हसीनाएं अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं. सोशल मीडिया पर उनका ये गाना खूब वायरल हो रहा है. गाने में तीनों एक्ट्रेसेस क्लब में जमकर पार्टी करती दिखाई दे रही हैं. ऐसा लग रहा है कि ये गाना इस साल का हिट पार्टी सॉन्ग साबित होने वाला है.

हाल ही में फिल्म क्रू का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले हैं. बता दें कि फिल्म में आपको तीन एयर होस्टेसेज की कहानी देखने को मिलेगी जो अपनी जिंदगी से काफी परेशान है. ये तीनों अपनी लाइफ में कुछ नया और अलग करना चाहती हैं लेकिन वह बार बार उसी सिचुएशन में आ जाती हैं जिससे वह भाग रही हैं.

क्रू एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें करीना, तब्बू और कृति अपनी कॉमेडी से लोगों को गुदगुदाती नजर आएंगी. फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में दिखाई देंगे. फिल्म में वह इन तीनों एक्ट्रेसेस के साथ धमाल मचाते हुए नजर आएंगे.

राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बता दें कि फिल्म को अनिल कपूर की बेटी रिया कपूर और एकता कपूर प्रोड्यूस कर रही हैं.

## संदीपा धर ने ब्लैक आउटफिट में गिराई बिजली, यूजर्स हुए घायल

बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में संदीपा को ब्लैक कलर की स्टाइलिश ड्रेस में देखा जा सकता है, जो उनके फिगर को काफी कॉम्पलिमेंट दे रही है. उनका लाइट मेकअप और खुले बाल उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं. साथ ही, उन्होंने खूबसूरत गोल्डन इयररिंग्स भी पहने हुए हैं. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए संदीपा ने लिखा, काले कपड़े पहने लाल झंडा. उनकी तस्वीरों को इतना प्यार मिल रहा है कि कैप्शन की जरूरत ही नहीं है. कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं.यूजर्स संदीपा के लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कुछ यूजर्स ने उन्हें ब्यूटीफुल, स्टनिंग और गॉर्जियस जैसे कमेंट्स किए हैं, तो वहीं कुछ ने उनके ड्रेस और मेकअप की भी तारीफ की है.

# शेन वॉटसन और डैरेन सैमी ने ठुकरा दिए ऑफर, विदेशी कोच पाने के लिए तड़प रहा पाकिस्तान




नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट की विदेशी कोच की खोज खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सैमी ने राष्ट्रीय टीम के अगले कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। सैमी ने पीसीबी को हवाला दिया कि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के साथ उनका अनुबंध है क्योंकि वो सीमित ओवर क्रिकेट में कैरेबियाई टीम के हेड कोच हैं। वॉटसन ने पाकिस्तान बोर्ड द्वारा मिले प्रस्ताव को ठुकराया और शनिवार रात स्वदेश लौट गए। एक सूत्र से जानकारी मिली कि वरिष्ठ पीसीबी अधिकारी की वॉटसन के साथ कराची में पीएसएल मैचों के दौरान विस्तृत चर्चा हुई और उन्हें हेड कोच का पद प्रस्तावित किया गया।

**वॉटसन ने इस वजह से किया इंकार**

सूत्र ने कहा, "वॉटसन ने शुरुआत में दिलचस्पी दिखाई और प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कुछ आर्थिक व अन्य स्थितियां रखी। मगर वॉटसन को बोर्ड का प्रस्ताव अच्छा नहीं लगा और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर प्रस्तावित पैकेज से खुश नहीं थे, जो पाकिस्तानी मीडिया व सोशल मीडिया में लीक भी हुआ। फिर वॉटसन ने विनम्रतापूर्वक प्रस्ताव खारिज किया और कहा कि आईपीएल व अमेरिकी लीग में उनके पूर्व अनुबंध है।" इसके अलावा वो अपने परिवार के साथ सिडनी में समय बिताना चाहते हैं।

**वॉटसन को मिलने वाली थी इतनी रकम**

पीसीबी कथित रूप से वॉटसन को सालाना 2 मिलियन यूएस डॉलर देने को राजी हुआ था। पीसीबी को अब अंतरिम सुविधा पर जाना पड़ेगा। पाकिस्तान टीम को 14 अप्रैल से अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलनी है। इससे पहले राष्ट्रीय टीम का ट्रेनिंग कैंप काकुल में 25 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित होगा। सूत्र ने कहा, "स्थानीय कोच की टीम कैंप और न्यूजीलैंड सीरीज के लिए अंतरिम रूप से तैयार की जाएगी। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी के पास एकमात्र यही विकल्प उपलब्ध है। पीएसएल फाइनल के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा।"

**लंबे समय के लिए चाहिए विदेशी कोच**

नकवी ने स्पष्ट किया कि वो राष्ट्रीय टीम के लिए लंबे समय के लिए विदेशी कोच की नियुक्ति करना चाहते हैं, जो वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 वर्ल्ड कप व अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में साथ हो।

# लव सेक्स और धोखा 2 में उर्फी जावेद की एंट्री, कर रहीं बिग स्क्रीन डेब्यू



उर्फी जावेद के फैंस के लिए बड़ी खबर है.अतरंगी कपड़े पहनने वाली उर्फी के जल्द ही फिल्म में नजर आएंगी. ये एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 है. इस डिजिटल दुनिया का हिस्सा होने के नाते, उर्फी एक बड़ा एक्साम्पल हैं, जो फिल्म के लिए एक बेस्ट चॉइस हैं. उर्फी सबसे बड़ी आइकन हैं, जो सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए पॉपुलर हुई हैं.लव सेक्स और धोखा 2 अपनी कहानी के साथ इंटरनेट के युग में प्यार और रिलेशनशिप की झलक दिखाने वाला है, जो इसके साथ ही शानदार एंटरटेनमेंट देना का वादा भी करता है. इसमें उर्फी जावेद की मौजूदगी इस फिल्म के मनोरंजन को और भी ज्यादा बढ़ा देगा. उर्फी जावेद अपने यूनिक फैशन सेंस और सोशल मीडिया प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं, उन्हें लव सेक्स एंड धोखा 2 में देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं.लव सेक्स और धोखा 2 को एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूसर किया. जबकि इस फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है. यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी. जिसका ऐलान खुद आधिकारिक तौर पर एकता कपूर ने किया है.उर्फी जावेद इससे पहले भी अपनी एक्टिंग कई टीवी शोज में दिखा चुकी हैं. इन टीवी शोज में साथ फेरों की हेरा फेरी, बेपनाह, डायन, ये रिश्ता क्या कहलाता है, बड़े भैया, ऐ मेरे हमसफर, चंद्र नंदिनी और मेरी दुर्गा शामिल है. हालांकि इन शोज से ज्यादा उर्फी जावेद को अपने अनोखे ड्रेसिंग सेंस से मिली. उर्फी आए दिन अजीबोगरीब कपड़े पहनकर स्पॉट हो जाती हैं तो कभी सोशल मीडिया पर नए लुक की फोटो या वीडियो शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं. फैंस भी उर्फी के इस अतरंगी कपड़ों पर कमेंट करते हैं. खास बात है कि कई सितारे उर्फी के फैशन सेंस की तारीफ भी कर चुके हैं.

## हार्दिक को लगातार लगे इंजेक्शन, 5 दिन में करनी थी वापसी

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एंकल की चोट की वजह से विश्व कप 2023 के बीच सीजन टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। हार्दिक के चोटिल होने की वजह से प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिला। एंकल इंजरी के चलत हार्दिक पांड्या करीब 4 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे। अब वह आईपीएल 2024 के जरिए शानदार वापसी के लिए बिल्कुल तैयार हैं। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल 2024 (कढछ 2024) के लिए टीम का कप्तान बनाया है, लेकिन टूर्नामेंट से पहले हार्दिक पांड्या ने विश्व कप 2023 की चोट को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। "मैंने मैनेजमेंट से कहा था कि मैं 5 दिन बाद वापसी करूंगा, फिर मैंने अपने टखने पर तीन अलग–अलग जगह इंजेक्शन लगवाए, मुझे अपने टखने से खून निकालना पड़ा। मैंने लगातार पेनकिलर खाए। मैं सबकुछ देना चाहता था, फिर जैसे–जैसे मैं जोर लगा रहा था, वैसे–वैसे ये होता गया।

# नसीम ने पाकिस्तान क्रिकेट का किया भंडाफोड़



नई दिल्ली। तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पाकिस्तान क्रिकेट कल्चर को लेकर फिर से बड़ा बयान दिया है। नसीम ने कहा कि टीम के सीनियर खिलाड़ी आराम करने से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर होता कि कहीं उनका करियर न खत्म हो जाए। नसीम ने कहा कि पाकिस्तान में ऐसा चलन शुरू हो गया है कि रेस्ट करने गए खिलाड़ी की वापसी बहुत मुश्किल हो गई है।

वर्ल्ड कप 2023 से पहले कंधे की चोट के चलते नसीम शाह टीम से बाहर हो गए थे। जब चोट से ठीक हुए तो उन्हें टीम में अपनी जगह को लेकर डर सताने लगा था। इस पर क्रिकविक से बात करते हुए नसीम शाह ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच स्पष्टता और बेहतर बातचीत की जरूरत है।

सीनियर खिलाड़ियों को लगता है डर नसीम शाह ने कहा, यही डर खिलाड़ियों को आराम नहीं करने देता क्योंकि आप डरते हैं कि आपका करियर यहीं खत्म हो सकता है। अन्य देशों में, अगर किसी मुख्य खिलाड़ी को ब्रेक दिया जाता है तो उसे आश्वासन दिया जाता है कि अगर उसका प्रतिस्थापन आता है और एक या दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करता है तो उसे बाहर नहीं किया जाएगा।

**मैनेजमेंट को करनी चाहिए खिलाड़ियों से बात**

गेंदबाज का मानना है कि फिजियो, गेंदबाजी कोच और ट्रेनर को सीरीज से पहले तय करना चाहिए कि एक खिलाड़ी को कितने मैच खेलने चाहिए, जिससे असुरक्षा और भ्रम की स्थिति खत्म हो जाएगी।

# बहुगुणा ने प्रदेश के बेहतर विकास में दिया अहम योगदानः सौरभ

## स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्य तिथि पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व उनके दादा स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा अपनी अंतिम सांस तक देश व प्रदेश के हित की लड़ाई लड़ते रहे। कहा कि उन्हें राजनीति में बेहतर कार्य करने के लिए अपने दादा के कार्यों से प्रेरणा मिलती है। इस दौरान स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।



शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक शशि भूषण अमोली को सम्मानित करते सदस्य

रविवार को नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा, लैंसडौन विधायक महन्त दिलीप सिंह रावत, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल और ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा ने स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना भी प्रस्तुत की। साथ ही टीसीजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उनके दादा स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा ने संपूर्ण भारत में उत्तराखंड का मान बढ़ाया। उस समय की राजनीति और वर्तमान राजनीति में अंतर है। उस दौर में उनके द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत उत्तराखंड स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। कहा कि स्व.बहुगुणा का गढ़वाल से बहुत ज्यादा लगाव रहा है। अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में पर्वतीय विकास मंत्रालय का गठन का पर्वतीय क्षेत्र का समग्र विकास किया। उनका नारा था कि हिमालय टूट सकता है, लेकिन टूट नहीं सकता है। उन्होंने किसी भी सरकार में उत्तराखंड के मूल्यों व सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। कहा कि अपने दादा की तरह ही उनकी प्राथमिकता पहाड़ों से पलायन को रोकना है, जिसके लिए वे प्रयासरत है। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा, समाज व गौ सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नौ मनीषियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में डा.अनुराग शर्मा, दौलत सिंह गुसाई, धीरेंद्र सिंह रावत, शशिभूषण अमोली व सोहन लाल आर्य, साहित्य के क्षेत्र में डा.ललन बुड़ाकोटी, गो सेवा के लिए सुषमा जखमोला, दिव्यांगों की सेवा के लिए कविता मलासी व यूथ फाउंडेशन के जयवीर सिंह रावत को अंगवस्त्र आठ स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश अग्ररी, उपाध्यक्ष अमित नेगी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश बलोधी, प्रकाश भारद्वाज, अतुल भट्ट, चंद्रप्रकाश नैथानी, सोनिया असवाल, संजीव थपलियाल, शशिकांत जोशी, प्रमोद बहुखंडी मौजूद रहे।



पौड़ी में प्रचार सामग्री हटाते कर्मी

# सिस्टम की सख्ती, हटाई प्रचार सामग्री

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही जिले के सभी तहसीलों, नगर क्षेत्रों में प्रचार से संबंधित सभी पोस्टर, बैनर, होर्डिंग हटाने शुरू हो गए है। बीते शनिवार की शाम से ही सभी कार्यालयों से राजनीतिक पार्टी के सभी फोटो को हटा दिया गया है व सार्वजनिक स्थलों में लगे सरकारी योजनाओं के बैनर, पोस्टर को हटाने का कार्य चल रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने संबंधित अफसरों को अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं, राजनैतिक दलों से संबंधित पोस्टर, बैनर, होर्डिंग को हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डीएम कार्यालय के पास निरीक्षण करते हुए दीवारों पर पेंट से लिखे राजनैतिक दलों के नाम, चिन्ह सहित अन्य को रंग रोगन के माध्यम से हटाने को कहा।

# ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी




गांव में आयोजित बैठक में भाग लेते ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः शहर से सटे गड़ोली गांव के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि शहर से सटे होने के बाद भी गांव में कई समस्याएं बनी है लेकिन आज तक समस्याओं के हल को लेकर प्रशासन गंभीर नजर नहीं आया है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बनी है।

रविवार को आयोजित गड़ोली में बैठक में स्थानीय निवासी विनोद दनोशी, बीरा देवी आदि ने कहा कि मंडल मुख्यालय से 4 किमी की दूरी पर उनका गांव है। गांव में पिछले लंबे एनजीटी द्वारा निर्माण कायी पर रोक लगाई गई है। जिससे ग्रामीण परेशान है। इसके साथ ही गांव को जाने वाली सड़क का आज तक डामरीकरण नहीं हो पाया है।

# एसोसिएशन ने उठाई मांग, वरिष्ठता के आधार पर भरे जाएं प्रधानाचार्य के पद

## एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः एससी-एसटी शिक्षक ऐसासिएशन ने प्रधानाचार्य पदों पर विभागीय सीधी भर्ती परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन को निरस्त करते हुए पूर्व की भांति विभागीय वरिष्ठता के आधार पर करने की मांग की है। इस संबंध में एसोसिएशन के मंत्री जगदीश राठी सहित अन्य सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।



उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते एसोसिएशन के सदस्य

बताया कि लोक सेवा आयोग उत्तराखंड द्वारा प्रधानाचार्य के 692 पदों का विज्ञापन जारी किया गया है। शिक्षक एसोसिएशन पूर्व से ही इन पदों पर पूर्व की भांति शत प्रतिशत विभागीय पदोन्नति की मांग करते आ रहा है। कहा कि उत्तराखंड बनने के बाद प्रधानाचार्य पदों पर यह पहली विभागीय सीधी भर्ती है। इसके बाद भी इसमें एससी-एसटी-ओबीसी वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि केंद्रीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य की विभागीय भर्तियों में इन वर्गों को आरक्षण देय हैं। प्रधानाचार्य के पद हेतु वर्तमान में 55% एलटी शिक्षक और 45% प्रवक्ता पदोन्नति से प्रधानाध्यापक बनते हुए प्रधानाचार्य तक पहुंचते हैं। जबकि इसमें एलटी शिक्षकों सहित लगभग 90% प्रवक्ताओं को सीधे बाहर कर दिया गया है। विज्ञापन में 50 वर्ष की आयु सीमा के कारण बड़ी संख्या में शिक्षक आवेदन करने से पूर्व ही बाहर हो गये हैं। जबकि केन्द्रीय विद्यालयों में आयु सीमा की बाध्यता नही होती हैं । इसमें बीएड अनिवार्य किया गया है,जबकि पूर्व में प्रवक्ता पद हेतु बीएड की अनिवार्यता नहीं थी। इस कारण बड़ी संख्या में नॉन बीएड शिक्षक भी बाहर हो गये हैं। कहा कि इसमें स्नातकोत्तर स्तर पर 50% अंकों की बाध्यता रखी गई है, जबकि सीधी भर्ती में आरक्षित वर्गों को यह छूट रहती है। इस कारण 50% से कम अंक वाले शिक्षक भी बाहर हो गये हैं। इस विज्ञापन के मानकों के दायरे में मात्र 2005–06 बैच के 50 वर्ष से कम आयु के कुछ प्रवक्ता व 2011 बैच के प्रवक्ता आ रहे हैं।

जिनकी संख्या मा.शि.में कार्यरत कुल शिक्षकों का 10%से भी कम हैं.इस प्रकार मात्र 10% से भी कम शिक्षकों में से विभाग के 50% पदों को भरा जाना अनुचित हैं। कहा कि एसोसिएशन प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था व शिक्षकों के हित में उपर्युक्त विज्ञापन को निरस्त करते हुए, प्रधानाचार्य पदों पर पूर्व की भांति सेवा नियमावली 2006 के अनुसार ही विभागीय वरिष्ठता के आधार पर शत–शत पदोन्नति करने की मांग करता है। ज्ञापन देने वालों में विनोद आर्य, सोहन लाल,विजेंद्र आर्य,जगदीश राठी, इंद्र पाल,सुनील हल्दियाल, अनमोल आदि मौजूद रहे।

# नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान दें युवा

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित की गई कार्यशाला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को नशे के खिलाफ एकजुट होने के लिए कहा गया। इस दौरान युवाओं से नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य बनाने की अपील की गई। जिला जज अकरम अली के निर्देश पर मां शक्ति नशा मुक्ति केंद्र में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे साइबर इंटेलिजेंस यूनिट प्रभारी कमलेश शर्मा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशे के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार में पहुंच गए हैं। नशे के खिलाफ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने लोगों से अपने आसपास अवैध नशा बेचने या खरीदने वालों की सूचना भी पुलिस को देने की अपील की। प्राधिकरण की प्राविधिक स्वयं सेवी राखी पाल भवानिया, एडवोकेट रीना रावत, अवनीश अग्निहोत्री ने आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध तेजी से बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आमजन को पूरी सावधानी से इंटनरेट का उपयोग करना चाहिए। किसी भी तरह की ठगी होने पर तुरंत पुलिस व संबंधित बैंक को सूचना दें।



आयोजित कार्यशाला में आमजन को जागरूक करते सदस्य

## शिविर में 535 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोटद्वार में रोटरी क्लब के तत्वावधान और चरक पैथ लैब्स की ओर से 16 और 17 मार्च को निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दो दिनों में लगभग 535 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई इस दौरान डा. योगेंद्र सिंह ने आम जन को अपने स्वास्थ्य के लिए नो योर बाडी के महत्व को समझाया। कहा कि देखने में आ रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति की भी अचानक से तबीयत खराब हो रही है।

बच्चों व युवाओं में भी विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। ऐसी विडंबना से बचने के लिये प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप जरूरी है। कैंप में लाइंस क्लब के रोहित बत्ता, अरविंद बंसल, डॉ. एसके खट्टर, सूर्य देव आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोंडली गांव से सोलर लाइट हुई चोरी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आए दिन चोर किसी न किसी गांव में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में अब चोर चौंडली गांव में लगी सोलर लाइट चुराकर ले गए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है।

कल्जीखाल के मनियारस्यूं पट्टी के ग्राम थनुल के अंतर्गत चौंड़ली गांव में पिछले कुछ माह पूर्व जिला पंचायत की ओर से सालर लाइट लगाई गई थी। इससे रात के अंधेरे में आवाजाही करने वाले ग्रामीणों को काफी सुविधा मिल रही थी। लेकिन गत रात चोर गांव में लगी सोरल लाइट ही चोरी कर ले गए। चोरों ने सिंचाई गुल को भी तोड़ दिया है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही समीप स्थित सिद्धपीठ थानेश्वर मंदिर में भी चोरी की घटना सामने आई थी। जिसमें चोर मंदिर में लगी दानपेटी ही चोरी कर ले गए थे। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

# राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में 21 पुलिस नाका, 28 एफएसटी टीम गठित की गई है। जिनकी निगरानी अवैध गतिविधियों पर बनी रहेगी।

उन्होंने कहा नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी के साथ दो व्यक्ति नामांकन कक्ष में आ सकेंगे। आचार संहिता के दौरान कोई भी 50 हजार से ज्यादा नगदी एकसाथ नहीं ले जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि अगर लोकसभा के उम्मीदवार पर आपराधिक मामले दर्ज हुए तो प्रत्याशी को स्वयं भी व पार्टी द्वारा भी न्यूज पेपर के माध्यम से प्रत्याशी की आपराधिक मामलों की जानकारी अलग–अलग तिथि में तीन–तीन बार साझा करनी होगी।

# रैली निकालकर किया गंगा स्वच्छता को लेकर जागरूक

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के गंगा स्वच्छता पखवाडे की शुरुआत हुई। पखवाड़े के तहत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया। नमामि गंगे प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार ने छात्र–छात्राओं को गंगा स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत महाविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही छात्र–छात्राओं को इस अभियान में बढ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. लीना पुंडीर ने छात्र–छात्राओं को गंगा को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त करने की शपथ दिलायी। तुणगी गांव में छात्र–छात्राओं ने गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को गंगा की स्वच्छ्ता बनाए रखने का आहवान किया।



## जैविक खेती एवं पारंपरिक बीजों का संरक्षण जरूरी

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के ग्रामीण एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में सतत कृषि प्रणाली का प्रोत्साहन संभावनाएं एवं चुनौतियों विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। माउंट वैली के सचिव विनोद कुमार भट्ट ने जैविक खेती एवं पारंपरिक बीजों के संरक्षण की महत्ता के बारे में बताया।

प्रो. संजय कुमार ने आधुनिक कृषि पर जोर देते हुए संरक्षित खेती एवं आधुनिक प्रवर्धन तकनीकों पर चर्चा की। वहीं, पंतनगर के डॉ. डीके सिंह को प्रख्यात वैज्ञानिक अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सलाहकार डॉ. बीएस नेगी ने उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में सतत कृषि विकास के लिए अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु एकीकृत दृष्टिकोण पर जानकारी साझा की।

# स्वरोजगार की संभावनाओं पर दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को उद्याम की संभावनाओं विषय पर जानकारी दी गई।

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आईक्यूएसी कैरियर काउंसलिंग सेल के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के सातवें दिन डॉ. छाया सिंह ने उद्यम की संभावनाओं के बारे में बताया।

उन्होने वर्मिकम्पोस्ट के लिए आवश्यक आधारभूरत संरचना, केंचुओं की प्रजातियों, कम्पोस्ट बनाने की विधियों के विषय में विस्तारपूर्वक बताया।



कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ

बताया कि वर्मिकम्पोस्ट को उद्यम बनाकर इसके प्रयोग से हम न केवल जैविक कृषि को बढावा दे सकते हैं बल्कि अपने पर्यावरण का संरक्षित करने में सफल रहेगें। दूसरे सत्र में सुधीर परमार, उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन उत्पाद बेचने के लिए बी-2 सी मॉडल के अन्तर्गत मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स, सोशल मिडिया ईकॉमर्स, वेबसाइट ईकॉमर्स, ड्रापशीपिंग ईकॉमर्स आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होने ऑनलाइन सेलिंग के लिए पंजीकरण करना भी प्रतिभागियों को सिखाया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने किया कार्बेट नेशनल पार्क व मंदिर का भ्रमण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः जानकी नगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्रों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने उत्तराखंड के रामनगर स्थित उत्तराखंड शिक्षा एवं परीक्षा कार्यालय, कार्बेट नेशनल पार्क व गर्जिया माता मंदिर का भ्रमण किया।

शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यालय के प्रधानाचार्य के मनोज कुकरेती के नेतृत्व में 26 सदस्यीय छात्रों का दल रामनगर पहुंचा। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने उत्तराखंड माध्यमिक विद्यालय शिक्षा परिषद के कार्यालय के बारे में बताया। साथ ही कार्बेट नेशनल पार्क व माता गर्जिया देवी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, शिवराम बडोला, रोहित बलोदी, राकेश चमोली, राजन कुमार, मोहन सिंह, देवेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश, संगीता रावत, सरोज नेगी, मधुबाला नौटियाल मौजूद रहे।



शैक्षणिक भ्रमण करते विद्यार्थी

## आचार संहिता के कारण वन पंचायत मठकोट का चुनाव हुआ स्थगित

चमोली। लोक सभा चुनाव की आर्दश आचार संहिता के मदेनजर वन पंचायत मठकोट की कार्यकारणी का चुनाव स्थगित हो गया है। यह जानकारी चुनाव अधिकारी राजस्व उप निरीक्षक मोहन लाल ने दी।

बताया कि पांच ग्राम पंचायतों की वन पंचायत में अंद्रपा– बुखाली के सदस्य पद व अन्य वार्ड में आरक्षित सदस्य पद को लेकर सहमति न बनने व गहमागहमी की संभावना को देखते हुये चुनाव अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया गया है तथा लोक सभा चुनाव आर्दश आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी संभव होगा।

# हेमवती नंदन बहुगुणा को मिले भारत रत्न

रुद्रप्रयाग। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं गढ़वाल के विकास पुरुष स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बहुगुणा को भारत रत्न देने की मांग भी की गई।

कहा कि उनके योगदान को सदा याद किया जाएगा। मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री प्रदीप बगवाड़ी, वीरेंद्र बुटोला, लक्ष्मण सिंह रावत आदि ने हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बहुगुणा ने उत्तराखंड का सम्पूर्ण भारत में गौरव बढ़ाया है। उनकी राजनीति और वर्तमान समय की राजनीति में काफी अंतर है। वे सदा विकास के लिए चिंतित रहते थे। उस दौर में किए गए कायी की बदौलत उत्तराखंड न केवल शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है बल्कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में भी बेहतर सुविधाएं हासिल हो रही है। इस मौके पर हेमवती नंदन बहुगुणा को भारत रत्न देने की मांग की है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से गहरा नाता है और वह यहां के विकास के लिए चिंतित रहते हैं, ऐसे में उत्तराखंड के विकास पुरुष कहे जाने वाले बहुगुणा को भारत रत्न दिया जाना चाहिए। इस मौके पर कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## गुप्तकाशी में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

रुद्रप्रयाग। आगामी केदारनाथ यात्रा को सफलतापूर्वक संपादित कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। केदारनाथ में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को स्वच्छ–साफ वातावरण उपलब्ध हो इसके लिए गुप्तकाशी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला के नेतृत्व में जिला पंचायत रुद्रप्रयाग एवं नगर पंचायत ऊखीमठ के पर्यावरण मित्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य बाजार गुप्तकाशी से जीएमवीएन तक सफाई के दौरान कूड़ा एकत्रित किया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा मार्ग में जिला पंचायत एवं नगर पंचायत द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में निरंतर स्वच्छता अभियान जारी रहेंगे।

# प्रचार सामग्री को हटाने का काम शुरू





चमोली। आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के साथ ही जिला प्रशासन ने सरकारी व सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा प्रचार–प्रसार सामग्रियों को हटाने का कार्य शुरु कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे में सरकारी, 48 घंटे में सार्वजनिक तथा 72 घंटे में बिना अनुमति के निजी संपत्तियों पर चस्पा प्रचार–प्रसार के लिए लगाई गई सामग्री को हटाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए उपयोग किए जाने वाली सामग्री में मुद्रक संस्थान के नाम के साथ ही मोबाइल नंबर का प्रकाशन अनिवार्य रूप से किया जाना आवश्यक है।

### शक्ति केंद्र बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया

उत्तरकाशी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से भाजपा मंडल चिन्यालीसौड़ के 12 शक्ति केंद्रों में 17 से 22 मार्च तक कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को बनचौरा के क्षेत्र के दिवारी खोल व कामदा शक्ति केंद्रों में कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जहां कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के गुर सिखाए गए। भाजपा मंडल अध्यक्ष चिन्यालीसौड़ चैन सिंह पंवार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान, मतदाता सूची का दोबारा निरीक्षण, इंटरनेट मीडिया पर ग्रुप बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पन्ना प्रमुखों को पन्ना समिति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। पुरोला विधानसभा के बर्नीगाड मंडल के शक्ति केंद्र सिंगुणी में बैठक में प्रभारी पुरोला विस लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि 2024 में भाजपा जनता के सहयोग व रुझान से 400 का आंकड़ा पार कर पुनः केंद्र सरकार बनाने जा रही है।

## आद्य शंकराचार्य शिक्षा संस्थान को पांच लाख देने की घोषणा

उत्तरकाशी। आद्य शंकराचार्य शिक्षा संस्थान उत्तरकाशी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम कोटबंगला स्थित विद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विधायक सुरेश चौहान ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कर स्कूल के छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय को हर प्रकार का सहयोग की बात करते हुए पांच लाख रूपये की धनराशि देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाड़ाहाट क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य सरिता चौहान ने भी विद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए दो लाख रूपये देने की घोषणा की। जोशियाड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर सेमवाल, प्रबंध समिति के संरक्षक बलबीर राणा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुकरेती ने बताया कि मंजीरा देवी प्रशिक्षण संस्थान ने इसी वर्ष से विद्यालय में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है।

### स्कूलों में नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाया

उत्तरकाशी(आरएनएस)। नगर पालिका चिन्यालीसौड़ के राजकीय महाविद्यालय, बिरजा इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज बड़ेथी में नशा मुक्त जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नशा उन्मूलन पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज के युवाओं में नशे की लत काफी तेजी से बढ़ रही है। इससे समाज में आए दिन विवाद हो रहे हैं।

# 20 मार्च को होगी मणिकूट परिक्रमा

ऋषिकेश। मणिकूट परिक्रमा समिति द्वारा 20 मार्च को मणिकूट परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा लक्ष्मणझूला स्थित पांडवगुफा से शुरू होकर 12 पूजा स्थलों से होकर गुजरेगी। समिति ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। रविवार को पौड़ी स्थित आत्म कुटीर आश्रम में मणिकूट परिक्रमा समिति की बैठक हुई। बैठक में वार्षिक मणिकूट परिक्रमा की तिथि निर्धारण को लेकर चर्चा हुई, जिसके बाद परिक्रमा के संयोजक पूर्व दायित्वधारी रमेश उनियाल ने बताया कि हिमालय में मणिकूट हमेशा ही तपस्या करने वाले ऋषि मुनियों की तपस्थली रहा है। तपस्वी मणिकूट पर्वत की परिक्रमा आलौकिक शक्तियों के संग्रह तथा परमात्मा की प्राप्ति के लिए करते थे। वर्तमान समय में गृहस्थ मणिकूट परिक्रमा सांसारिक लाभ तथा साधु जन परमात्मा की प्राप्ति के लिए करते हैं। इस पवित्र यात्रा में मार्ग में आने वाले 12 द्वारों का विधिवत पूजन किया जाता है। प्रथम द्वार पांडव गुफा है। यह स्थान स्वर्गारोहणी के समय पांडवों की तपस्थली तो रहा ही है, सतयुग में देवताओं के गुरु वृहस्पति द्वारा यह स्थान पूजित था। त्रेतायुग में लक्ष्मण ने यहां तपस्या की। द्वापर युग में महावीर हनुमान की तपोभूमि रही। कहा कि बैठक में तय किया गया कि प्राचीन धार्मिक गतिविधि मणिकूट पर्वत की परिक्रमा को 20 मार्च को प्रातः 07:00 बजे पांडव गुफा नजदीक जिला अधिकारी कार्यालय लक्ष्मणझूला से प्रारम्भ होगी, जो पांडवगुफा, गरुडचट्टी, फूलचट्टी, कालीकुंड पीपलकोठी, दिउली, कुशाशील, विन्धवासिनी, गोहरी वैराज, गणेश चौड़, भैरवघाटी नामक स्थानों से होकर निकाली जाएगी। यात्रा में शामिल होने वाले जिन लोगों के पास स्वयं का वाहन नहीं होगा, उन्हें पाण्डवगुफा में परिक्रमा समिति निःशुल्क वाहन उपलब्ध करवायेगी। सभी यात्रियों के निःशुल्क जलपान और भोजन की समुचित व्यवस्था की जायेगी। दिन के भोजन की व्यवस्था विशाल भंडारे के रूप में कुशाशिल (तैडो) नामक स्थान पर की जायेगी।

### फसल सुरक्षा के लिए मनरेगा मद में चौकीदार तैनात करें

नई टिहरी। बालगंगा सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक में फसलों की सुरक्षा के लिए चौकीदार की तैनाती करने की मांग उठाई गई। साथ ही, निर्णय लिया गया कि अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए समिति का प्रतिनिधिमंडल जनप्रतिनिधियों से मिलेगा।

बेलेश्वर में हुई बैठक में सीएचसी में डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती के लिए 11 दिन तक चले आंदोलन की समीक्षा की गई।

## सरकारी इमारतों से हटाए पोस्टर–बैनर

ऋषिकेश(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होते ही अधिकारी एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने सरकारी इमारतों से प्रचार सामग्री को हटाने की शुरूआत कर दी है। पोस्टर–बैनर हटाने के साथ ही दीवारों पर अंकित स्लोगन व प्रचार संबंधी जानकारियों को भी पोता जा रहा है। रविवार को नगर निगम की टीम ने तहसील, देहरादून रोड, रेलवे रोड, घाट रोड व शहर के अन्य इलाकों में सरकारी इमारतों से प्रचार सामग्री हटाई। इस दौरान कई दीवारों पर लिखे प्रचार स्लोगन और जानकारियों को भी पेंट से पोत दिया गया। प्रचार सामग्री हटाने के लिए नगर क्षेत्र में नियुक्त नोडल अधिकारी सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट की अगुवाई में यह कार्रवाई हुई। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे के भीतर सरकारी भवनों से प्रचार सामग्री को हटाना था,

# टिहरी जिले में 105 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

नई टिहरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जायेगा। जनपद में टिहरी व पौड़ी सीट के लिए आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है। निर्वाचन के सफल सम्पादन के लिए 24 जोनल तथा 105 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। चुनावी तैयारियों को लेकर पत्रकारों से बातचीत में मयूर दीक्षित ने कहा कि आचार संहिता लागू होते ही सरकारी और सार्वजनिक परिसम्पतियों से अनाधिकृत प्रचार–प्रसार सामग्री को हटाने का काम शुरू हो गया है। विकास व निर्माण कार्यों को लेकर धरातल पर गतिमान कार्यों व अनारम्भ कार्यों की सूची अगले 72 घण्टे के भीतर उपलब्ध कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जारी किये गये हैं। इसके अलावा राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों



के विज्ञापन के पूर्व प्रमाणीकरण के लिए एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति) सेंटर व निर्वाचन सम्बंधी शिकायतों के निवारणव अनुश्रवण के लिए कंट्रोल रुम की स्थापना की गई है।

# डीएम सोनिका ने किया कलेक्ट्रेट परिसर में बनाये जा रहे नामांकन कक्ष का निरीक्षण

देहरादून। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न करान हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिलाधिकारी कोर्ट में बनाये जा रहे नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट में व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उन्होंने नामांकन प्रक्रिया कि दौरान बेरिकेटिंग आदि समुचित व्यवस्थाएं को पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।20 मार्च 2024 (बुधवार), नाम निर्देशन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2024 (बुधवार), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 28 मार्च 2024 (गुरूवार), नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 (शनिवार), मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार),



मतगणना की तिथि 04 जून 2024 (मंगलवार) तथा 06 जून 2024 (गुरूवार) को निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न करा ली जाएगी।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयभारत सिंह, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि0 तीरथपाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरगिरी गोस्वामी, अधि0 अभि0 जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अधि0 अभि0 कपिल कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भाष्कर सिंह कुलियाल,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पी.सी त्रिपाठी, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रेडिंग कर लाखों कमाने के झांसे में साइबर ठगों पर पौने दख लाख लुटा दिए

देहरादून। ट्रेडिंग कर लाखों कमाने के झांसे में साइबर ठगों पर एक व्यक्ति ने पौने दस लाख रुपये लुटा दिए। साइबर ठगों की बनाई एप में अपनी लगाई रकम पर पीड़ित को लाखों रुपये का लाभ भी दिखाई दिया। कमाई तो दूर वह अपनी जमा की रकम नहीं निकाल पाए। इसके बाद साइबर ठगी का एहसास होने पर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर पर नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसओ नेहरू कॉलोनी मोहन सिंह ने बताया कि अनुराग कुंडलिया निवासी डिफेंस कॉलोनी ने तहरीर दी। बताया कि फेसबुक पर ऑनलाइन ट्रेडिंग का विज्ञापन देखकर वह वाटरफ्रंट ग्लोबल फंड इंस्टीट्यूशनल ट्रेडिंग एकाउंट के व्हाट्सपएप ग्रुप में जुड़े।

## आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से चुनाव की समाप्ति तक जनपद में धारा 144 रहेगी प्रभावी : डीएम खुराना

चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से चुनाव की समाप्ति तक जनपद में धारा 144 लगायी है। इस दौरान जनपद सीमान्तर्गत पांच या उससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे।

कोई भी व्यक्ति मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार नहीं करेगा ना ही मतदान केन्द्र के अधिकारियों के कार्य में बाधा या उनसे अभद्र व्यवहार करेगा। जनपद सीमान्तर्गत कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक संगठन रिटर्निंग अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा इनके द्वारा प्राधिकृत सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर बैठक, ध्वनि विस्तारक यंत्र/उपकरणों का प्रयोग, रोड शो, जुलूस, जनसभा तथा वाहन रैली आदि आयोजित नहीं करेगा ना ही करवायेगा। कोई भी व्यक्ति जनपद सीमान्तर्गत किसी भी प्रकार का आग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ, तलवार लेकर प्रवेश नहीं करेगा। किसी भी उम्मीदवार एवं उसके समर्थकों तथा चुनाव कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने हेतु मादक पदार्थों, रुपये, उपहार आदि का वितरण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति शान्ति व्यवस्था को भंग करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया साईटों पर आपतिजनक टिप्पणी, फेक न्यूज पोस्ट नहीं करेगा। इसके साथ ही निर्वाचन प्रचार–प्रसार हेतु पॉलिथीन सामग्री व अन्य प्रतिबंधित सामग्री का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। पूजा स्थलों, जैसे मंदिर मस्जिद, गिरजाघर व गुरुद्वारा इत्यादि का उपयोग निर्वाचन में प्रचार के लिए नहीं किया जाएगा।

### खाद्य सुरक्षा विभाग अल्मोड़ा ने 15 नमूने जांच को भेजे

अल्मोड़ा। खाद्य सुरक्षा विभाग अल्मोड़ा द्वारा आगामी होली त्यौहार की दृष्टिगत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। रविवार को लोधिया चैक पोस्ट पर आपूर्ति कर रहे वाहन का सघन निरीक्षण किया गया। जनपद से बाहर से आ रहे खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गये। होली त्यौहार के दृष्टिगत दूध और उत्पाद पर विशेष निगरानी की जा रही है। इस निरीक्षण में 15 खाद्य नमूने संग्रहित किए गए। जिसमें विशेष कर दूध, दही, पनीर, मिठाई, नमकीन इत्यादि के सैंपल संग्रहित कर अधिकृत प्रयोगशाला रुद्रपुर को प्रेषित किए गए। यदि उक्त सैंपल जांच पर विफल रहते हैं तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी। आगामी त्यौहार की दृष्टिगत यह अभियान भविष्य में भी संचालित रहेगा।

# चमोली के कम मतदान वाले बूथों पर महिला चौपाल आयोजित कर मतदाताओं को किया जागरूक



चमोली। चमोली जनपद में स्वीप की ओर से रविवार को कर्णप्रयाग, थराली और बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 50 फीसदी से कम मतदान वाले बूथों पर वृहद स्तर पर महिला चौपाल आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी अभिनव शाह के निर्देशन में रविवार को गोपेश्वर नगर के पाडुली, पठियालधार, अल्कापुरी, पिलंग, सैकोट में महिला मतदाताओं के हाथों पर मेंहदी रचाकर आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया गया। थराली विधानसभा के चोपता, कौब, जुनेर, कल्याणी आदि क्षेत्रों में महिला चौपाल आयोजित कर मतदाता शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही विभिन्न कला मंच के कलाकरों ने देवाल बाजार, थराली, लोहजंग, ल्वांणी आदि क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया।

### रिवार्ड प्वाइंट दिलाने का झांसा दे साइबर ठगों ने 1.74 लाख ठगे

देहरादून। रिवार्ड प्वाइंट वापस दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक महिला से 1.74 लाख रुपये ठग लिए। ठगी को लेकर अंकिता पत्नी पुनीत निवासी कश्मीरी कॉलोनी, पटेलनगर ने साइबर थाने में तहरीर दी। कहा कि कुछ दिन पहले एक अनजान नंबर से फोन आया। उसने खुंद को इंडसइंड बैंक का कर्मचारी बताया। पीड़िता के पास इस बैंक का क्रेडिट कार्ड है।

फोन करने वाले ने कार्ड पर रिवार्ड प्वाइंट दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि इस तरह कार्ड की जानकारी लेकर पीड़िता के कार्ड से 1.74 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। महिला की तहरीर केस दर्ज करने के लिए पटेलनगर थाने भेजी गई।

# कार से तस्करी की जा रही 1.60 लाख की शराब पकड़ी

अल्मोड़ा। लमगड़ा थानांतर्गत पुलिस ने 01.60 लाख रुपये की अंग्रेजी शराब पकड़ी है। जिसकी स्विफ्ट कार से तस्करी हो रही थी। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार करते हुए कार को सीज कर दिया है।

जिले के लमगड़ा थाना अंतर्गत थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में चले पुलिस के चेकिंग अभियान के दौरान ग्राम पुभांऊ से करीब 04 किमी आगे भनोली की तरफ से आ रही स्विफ्ट कार संख्या एचआर 46 ई9330 को रोककर चेक किया, तो उसके चालक मनोज कुमार पुत्र स्व. गोधन सिंह, निवासी ग्राम पुभांऊ लमगड़ा, जिला अल्मोड़ा के कब्जे से अंग्रेजी शराब की 17 पेटियां बरामद हुईं। बरामद शराब की




कीमत 1.60 लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए शराब तस्करी में प्रयुक्त कार को सीज कर लिया। थाना लमगड़ा में आरोपी के विरुद्ध धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष तिवारी, हेड कांस्टेबल प्रदीप रौतेला व संजय कुमार एवं कांस्टेबल अर्जुन लाल शामिल रहे।

# आचार संहिता लागू होने के साथ पोस्टर हटाने शुरु

अल्मोड़ा। निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद जिले में आचार संहित लागू कर दी गई है। जिले में 19 अप्रैल को मतदान होगा। चार जून मतगणना के दिन तक धारा 144 लागू रहेगी। आचार संहिता की घोषणा होते ही प्रशासन ने सरकारी संपत्तियों से बैनर पोस्टर हटाने शुरू कर दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत ने प्रेस वार्ता में कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कोई भी सभा या बैठक का आयोजन संबंधित आरओ या एआरओ की अनुमति के बाद ही हो सकेगा। कानून व्यवस्था में लगे सुरक्षा बलों, कार्मिकों, अर्धसैनिक बलों, पुलिस बलों, पीएसी के अलावा कोई भी व्यक्ति जिले की सीमा के अंदर अस्त्र–शस्त्र, आग्नेय अस्त्र, धारदार घातक हथियार एवं लाठी–डंडा लेकर नहीं चलेगा। जुलूस निकालने पर पूर्णतया



प्रतिबंध रहेगा। धरना प्रदर्शन, सभा के अलावा लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं होगा। यह प्रतिबंध शादी–बारात एवं शव यात्राओं पर लागू नहीं होगा। सार्वजनिक स्थान पर किसी के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग, उत्तेजक नारे नहीं लगेंगे। झूठी अफवाहों या खबरों को प्रकाशित करना बैन होगा। धार्मिक संस्थानों में चुनाव प्रचार–प्रसार नहीं होगा।

### अलीगढ़ गए व्यक्ति के घर में लाखों की चोरी में मेरठ के चोर गिरफ्तार

देहरादून। अलीगढ़ गए व्यक्ति के घर में लाखों की चोरी में पटेलनगर थाना पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। दोनों आरोपी मेरठ के निवासी हैं। उन्होंने दून में मजदूरी के दौरान बंद घर को निशाना बनाकर वारदात की थी। आरोपियों से करीब छह लाख रुपये के गहने और एक लैपटॉप बरामद किया गया है।

प्रदीप कुमार निवासी शिमला एनक्लेव ने बताया कि वो 17 फरवरी को परिवार के साथ शादी में अलीगढ़ गए थे। 22 फरवरी को जब घर पहुंचे तो दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि छानबीन करने पर अलमारी से 35 हजार रुपये नगदी, एक लैपटॉप और लाखों के गहने चोरी हो गए थे।

## जलागम विकास निधि के अन्तर्गत बैठक आयोजित

अल्मोड़ा(आरएनएस)। ग्रामीण समाज कल्याण समिति ग्रास अल्मोड़ा ने दोसाद जलागम द्वाराहाट नाबार्ड के जलागम विकास निधि के अर्न्तगत जिला विकास प्रबन्धक गिरीश चन्द्र पंत (नाबार्ड) अल्मोड़ा की अध्यक्षता में दोसाद जलागम के क्षमता निर्माण चरण की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम प्रधान वन पंचायत सरपंच, अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी समुदाय के महिलाए, पुरुष, स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे। ग्रास संस्था के अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान ने अपने सम्बोधन में उपस्थित, अधिकारियों, ग्राम प्रधानों, सरपंच उपस्थित जन समुदाय का स्वागत करते हुए दोसाद जलागम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक गिरीश पन्त ने अपने संबोधन में जल समुदाय, ग्राम प्रधानों, सरपंचों को जलागम विकास निधि की शर्तों का पालन करने तथा दोसाद जलागम के अंतर्गत चार चरणो में क्रियान्वयन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। बैठक में सरपंचों, ग्राम प्रधानों ने ग्राम पंचायतों, वन पंचायतों में दोसाद जलागम विकास में श्रमदान एवं सहयोग देने की सहमति दी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com